मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --504/2025
28 अगस्त 2025
झारखंड विधान सभा, रांची
===========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने विभिन्न दुर्घटना में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मियों के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा।
===========================

★ राज्य सरकार दिवंगत कर्मियों के परिजनों के साथ सदैव खड़ी रहेगी

-- श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री
===========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा में विभिन्न दुर्घटना में दिवंगत हुए राज्य सरकार के तीन कर्मी कांस्टेबल स्व० अजीत कुमार (जिला पुलिस बल गुमला), आरक्षी स्व० अनिल कुमार झा (जिला पुलिस बल सरायकेला) एवं शिक्षक स्व० सुशील कुमार मरांडी (राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित) जिला जामताड़ा के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार में सेवारत वैसे कर्मी जो सेवा में रहते हुए किसी भी दुर्घटना में दिवंगत हुए हैं उनके परिजनों के साथ हमारी सरकार सदैव खड़ी है। दिवंगत कर्मियों के परिजनों को ससम्मान उनका पूरा हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज राज्य सरकार के तीन दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सम्मानपूर्वक प्रदान किया गया है।

दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

मौके पर दिवंगत कर्मियों के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया। दिवंगत कर्मियों के आश्रितों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है। मुख्यमंत्री महोदय को आज हमसभी आश्रित परिजन धन्यवाद देते हैं। राज्य सरकार के प्रयास से आज स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की

विशेष बीमा कवरेज योजना के अंतर्गत हम सभी आश्रित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए राशि का आकस्मिक लाभ प्रदान किया गया है, इस राशि के प्राप्त होने से परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री डॉ० इरफान अंसारी, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से झारखंड के हेड एवं महाप्रबंधक श्री विवेक चंद्र जायसवाल, उप महाप्रबंधक प्रशासनिक कार्यालय रांची श्री मनोज कुमार तथा मुख्य प्रबंधक विकास कुमार पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।
==========================
#Team PRD(CMO)